# वाणिज्य में स्नातक
# (बी. कॉम)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

सत्रीय कार्य
2021–22

**तृतीय सत्र**

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -136: आयकर विधान एवं व्यवहार

सत्रीय कार्य 2021—22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में दो अतिलघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसंबर 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें अक्टूबर 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो जून 2022 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 मार्च 2022 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -136** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **आयकर विधान एवं व्यवहार** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी.सी.ओ.सी.-136/टी. एम. ए./2021 - 22** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क**

**(इस खण्ड में पाँच प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है)**

**1.** फर्म द्वारा कर भुगतान एवं आय विवरणी दाखिल करने की प्रक्रिया का वर्णन करे। **(10)**

**2.** सारांशीकृत पेंशन तथा ग्रेच्युटी के प्रावधानों का वर्णन करें । **(10)**

**3.** वार्षिक मूल्य क्या है ? धारा 24 के अनुसार उन विभिन्न कटौतियों का वर्णन करें जोकि वार्षिक मूल्य से घटाया जाता है । **(10)**

**4.** अनिवासी करदाता की आय पर कर मुक्त प्रावधानों का वर्णन करें। **(10)**

**5.** धारा 10 (10C) के अनुसार स्वैच्छिक सेनावृत्ति से संबंधित प्रावधानों को समझाए। **(10)**

**खण्ड – ख**

**(इस खण्ड में पाँच प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है)**

**6.** मि. अमित पहली बार 10 जुलाई, 2020 को भारत आये और 28 फरवरी, 2021 तक भारत में रहें। कर - निर्धारण वर्ष 2021-2022 के लिए उसकी निवास स्थिति निर्धारित कीजिए। **(6)**

**7.** गीता ,सीता और मीता एक फर्म में बराबर के साझेदार है। संलेख के अनुसार निम्न को घटाने के पश्चात उसके 31.03.2021 को लाभ हानि के द्वारा प्रदर्शित 99, 750 रु लाभ है : **(6)**

गीता और सीता को क्रमश: 17,000 रु एवं 18,000 रु का वेतन
मीता को अधिलाभ (Bonus) 15,000 रु
20% की दर से आगणित गीता को पूंजी पर ब्याज 5,000 रु
सीता को व्यवसायिक प्रांगण के किराये हेतु किया गया भुगतान 15,000 रु
मीता को 5,000 रु का कमीशन

यह मानते हुए कि यह एक पेशेवर फर्म है तथा सभी साझेदार सक्रिय है, कर निर्धारण वर्ष 2021-2022 हेतु फर्म के पुस्तक लाभ एवं कुल आय की गणना कीजिए ।

**8.** वेतन के स्थान लाभ संबंधित प्रावधानों का वर्णन करें । **(6)**

**9.** नए संयत्र और मशीनी को लगाने और प्राप्त करने के लिए निर्माता कम्पनी के लिए प्रोत्साहन राशि धारा 32AC के प्रावधानों का वर्णन करें । **(6)**

**10.** एक कर्मचारी को ब्याज मुक्त ऋण या रियायती ऋण कैसे प्राप्त होगी। **(6)**

## खण्ड – ग

**(इस खण्ड में दो प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है)**

**11.** निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त नोट लिखिए **(10)**

**क.** दोषपूर्ण करनिर्धारण

**ख.** धारा 80E के प्रावधान

**ग.** मनोरंजन भत्ता धारा 16 (ii)

**घ.** दिखावटी लेन देन

**12.** निम्नलिखित में से किन्ही दो पर टिप्पणी कीजिए: **(10)**

**क.** करदाता के द्वारा प्रदान किया गया रियायती किराये पर आवास

**ख.** CBDT (Central Board of Direct Taxes)

**ग.** पुत्रवधु की हस्तातंरित सम्पति से आय धारा 64 (i) (iv)

**घ.** घुड़दौड़ के घोड़ों के स्वामित्व एवं उनके रख रखाव का हानि को आगे ले जाने संबंधित प्रावधानों बताये ।